अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध/ईमेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–06/परी0/ 098 लखनऊः दिनांकः– 09/04/2025

विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2025 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के नाम पिता नाम, जन्मतिथि एवं फोटो संशोधन कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु0–06/018, दिनांक 01/04/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2025 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्रा के नाम, पिता के नाम, जन्मतिथि, हस्ताक्षर, एवं फोटो संशोधन हेतु छात्र/छात्रा परिषद वेबसाइट पर प्रदर्शित ई सेवा (जनहित) लिंक के माध्यम से अपनी स्टूडेण्ट लॉगिन में जाकर Rectification Marksheet लिंक का उपयोग करते हुए हाईस्कूल प्रमाणपत्र को पोर्टल पर अपलोड कर आवेदन करें तथा अपनी संस्था में संपर्क करते हुए संस्था लॉगिन के माध्यम से अपना आवेदन परिषद कार्यालय को अग्रसारित करवायेगें के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उक्त के अनुकम में परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 17/04/2025 के उपरान्त यह लिंक बंद कर दिया जायेगा। अंकतालिका प्रिन्ट होने के उपरान्त किसी भी दशा में किसी भी छात्र/छात्रा के नाम, पिता के नाम और फोटो संशोधन हेतु आवेदन परिषद द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेगें।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए अपनी संस्था के समस्त छात्र/छात्राओं अवगत कराना सुनिश्चित करें, तथा प्राप्त आवेदन संस्था लॉगिन के माध्यम से परिषद कार्यालय को अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। यदि आप द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन अग्रसारित नहीं किये जाते हैं तो इसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–06/परी0/ 099-103 तद्दिनांकः– 09/04/2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्व क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव